# कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर

क्रमांक :– भण्डार / 2023–24 59 दिनांक :– 18-03-2024

**:: अल्पकालीन निविदा बाबत् दर संविदा::**

निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि :– 26.03.2024 समय सांय :– 4.00 बजे।

इस कार्यालय के केन्द्रीय प्रतिलिपि अनुभाग में प्रतिलिपियॉ तैयार करने हेतु वितीय वर्ष 2024–25 हेतु तक फोटोस्टेट मशीन लगाई जानी है। अतः यदि आपकी फर्म फोटोस्टेट मशीन लगाने की ईच्छुक हो, तो अपनी दरें एवं फोटोस्टेट प्रतिलिपि हेतु उपयोग में लिये जाने वाले पेपर नमूना सहित मोहरबन्द लिफाफे में दिनांक 26.03.2024 को सांय 4.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

**शर्ते :–**

1. स्वीकृत निविदा की अवधि को घटाने व बढाने का पूर्ण अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता को होगा।
2. फोटोस्टेट मशीन इस कार्यालय के केन्द्रीयकृत प्रतिलिपि अनुभाग **जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर पुराना परिसर एवं हैरीटेज भवन परिसर** में लगवायी जायेगी।
3. संबंधित फर्म को निर्देशानुसार प्रतिलिपियां तैयार कर देनी होगी। जिसमें प्रतिलिपियां तैयार करने हेतु प्रतिनिधि , कागज, इंक इत्यादि सभी की व्यवस्था संबंधित फर्म द्वारा की जायेगी।
4. संबंधित फर्म को विद्युत सब मीटर में आये विद्युत व्यय का भुगतान नियत दर पर प्रतिमाह इस कार्यालय को करना होगा।
5. संबंधित फर्म को प्रतिदिन निर्देशानुसार प्रतिलिपियां उपलब्ध करवानी होगी तथा दो हाई स्पीड हेवी ड्युटी की मशीनें लगानी होगी।
6. प्रतिलिपियां तैयार करते समय कागज के वेस्टेज इत्यादि की जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। यानि सही रूप से तैयार प्रतिलिपियों का ही भुगतान इस कार्यालय द्वारा निर्धारित दर से नियमानुसार किया जायेगा।
7. प्रतिलिपियां लीगल साईज के कागज पर तैयार करनी होगी।
8. फोटोस्टेट मशीन में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर संबंधित फर्म को अन्य मशीन की व्यवस्था करनी होगी।
9. फोटोस्टेट मशीन में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी, चोरी, प्राकृतिक आपदा, धूल, आंधी, बाढ इत्यादि से हुये नुकसान की जिम्मेदारी संबंधित फर्म को अपने खर्चे पर करनी होगी।
10. फोटोस्टेट मशीन को लगाने लाने ले जाने आदि की व्यवस्था संबंधित फर्म को अपने खर्चे पर करनी होगी।
11. प्रतिलिपियां प्रतिलिपि अनुभाग में तैयार की जायेगी। प्रतिलिपियां तैयार कराने हेतु पत्रावलियां मुख्य प्रतिलिपिकार की अनुमति के बिना प्रतिलिपि अनुभाग से बाहर नहीं ले जायी जायेगी।
12. संबंधित फर्म द्वारा किस कम्पनी की, किस मॉडल की तथा किस कीमत की मशीन लगायी जायेगी। मशीन की प्रति मिनट कार्य क्षमता क्या रहेगी, इसका उल्लेख करना आवश्यक होगा साथ ही प्रतिलिपियॉ जिस कागज पर निकाली जायेगी उस कागज का नमूना निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
13. सेवा में कमी होने की दशा में या प्रशासनिक कारणों के आधार पर जिला न्यायाधीश को उक्त निविदा निरस्त करे का अधिकार होगा।
14. इस कार्यालय के कार्य के अतिरिक्त किसी भी निजी व्यक्ति, फर्म अन्य कार्यालयों का उपक्रमों का कार्य नहीं किया जा सकेगा।
15. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित शर्तो के अनुरूप कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित फर्म के विरूद्व सामान्य वितीय एवं लेखा नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी।
16. सफल निविदादाता फर्म को फोटो कॉपीयर मशीन ऑपरेट करने वाले व्यक्ति की फोटो मय पहचान आई.डी. कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।
17. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.03.2024 को सांय 4.00 बजे तक जमा करायी जाकर उसी दिन निविदादाताओं की उपस्थिति में सांय 4.30 बजे खोल दी जायेगी।**

18/3/24

अध्यक्ष
फोटोस्टेट मशीन निविदा कमेटी
जिला एवं सेशन न्यायालय
जोधपुर महानगर।

क्रमांक : दिनांक :

प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है:–

1. प्रभारी अधिकारी, ई–कोर्ट, निविदा के जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर की ऑफिसयल वेब–पेज पर पब्लिकेशन हेतु।
2. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर / जोधपुर ग्रामीण।
3. फर्म ........................................................................ जिला न्यायालय परिसर, जोधपुर महानगर / ग्रामीण।
4. कार्यालय प्रति।

18/3/24

अध्यक्ष
फोटोस्टेट मशीन निविदा कमेटी
जिला एवं सेशन न्यायालय
जोधपुर महानगर।

# कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायालय, जोधपुर महानगर

क्रमांक :– भण्डार/2023–24/59 दिनांक :– 18-03-2024

**:: अल्पकालीन निविदा प्रारूप बाबत् दर संविदा ::**

निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि :– 26.03.2024 समय सांय :– 4.00 बजे।

सेवामें,

अध्यक्ष
फोटोस्टेट मशीन निविदा कमेटी
जिला एवं सेशन न्यायालय
जोधपुर महानगर।

विषय : फोटो स्टेट प्रतिलिपियों के संबंध में।

महोदयजी,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि:–

1. यह है कि आपके कार्यालय के पत्र क्रमांक ........ दिनांक ................ को जारी अल्प कालीन निविदा के संदर्भ में निवेदन है कि मेरी फर्म .................................................................. उक्त निविदा के अन्तर्गत निम्न सुविधा उपलब्ध करवाने में सक्षम है:–

- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर लीगल साईज (First Page) – ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर लीगल साईज (Second Page व बाद के पेज) – ...... ................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर लीगल) आगे–पीछे प्रिन्ट ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर A4 साईज (First Page) – ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर A4 साईज (Second Page व बाद के पेज) – .......... .............. रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर A4) आगे–पीछे ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य कलर फोटोग्राफ 4x6 तक की फोटो कॉपी ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य नक्शे ए–3 साईज तक ......................... रूपया
- ❖ फोटोग्राफ 4x6 तक की कलर फोटोकॉपी/प्रिन्ट ......................... रूपया
- ❖ कलर प्रिन्ट फोटो स्टेट कार्य दर (प्रति पेपर लीगल साईज) ......................... रूपया
- ❖ फोटो स्टेट कार्य में ली गई मशीन की कम्पनी का नाम – .........................
- ❖ फोटो स्टेट कार्य में ली गई मशीन की कम्पनी का मॉडल – ........................
- ❖ फोटो स्टेट कार्य में ली गई मशीन की क्षमता (फोटो कॉपी पर मिनट) ....................

2. यह है कि मेरी फर्म उक्त निविदा में दर्शाई गई समस्त शर्तों को मानने के लिये बाध्य रहेगी।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि मेरी फर्म उक्त दरों से कार्य करने को तैयार व तत्पर है, यदि विभाग द्वारा उक्त कार्य भार मुझे सौंपा जाता है तो कार्य मेरी फर्म द्वारा पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से किया जायेगा।

प्रोपराईटर
हस्ताक्षर ...............................................
फर्म का नाम .......................................

संलग्न :– फोटो कॉपी का नमूना

18/3/24
अध्यक्ष
फोटोस्टेट मशीन निविदा कमेटी
जिला एवं सेशन न्यायालय
जोधपुर महानगर।